तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार, 30 अप्रैल 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

11 नहीं गल रही दाल, अरहर की कीमत दो सौ रुपए...

12 मतदान दल के करीब 4 हजार कर्मचारियों को दिया गया...


## खबर संक्षेप



### एकता से बनता है सशक्त समाज

**नांदघाट।** छत्तीसगढ़ गहवई कुर्मी क्षत्रिय समाज की दुर्ग राज मुर्रा परिक्षेत्र का महाधिवेशन रविवार को ग्राम ढाबापार में संपन्न हुआ। समाज के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तरा कुमार वर्मा ने कहा कि समाज में एकता व संगठन जरूरी है। समाज को शिक्षित, मजबूत बनाने के लिए सभी की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। केंद्रीय संगठन मंत्री देवचरण वर्मा ने कहा कि सशक्त समाज की संरचना के लिए हमें एकजुट होने की जरूरत है। शिक्षा समाज की दशा और दिशा बदलने का काम करती है। इसलिए अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दें। मुर्रा राजप्रधान रामगोपाल वर्मा ने समाज के केंद्रीय कार्यकारिणी द्वारा समाज विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बुराइयों व कुरीतियों को दूर करने व युवाओं का समाज सेवा में ज्यादा से ज्यादा योगदान अपील की। केंद्रीय सचिव मोहनलाल वर्मा ने भी समाज विकास को लेकर अपने विचार प्रकट की। वहीं राज सचिव सौंखराम वर्मा ने आय-व्यय की जानकारी दी, आगे की एजेंडा तय किया गया। इस दौरान समाज के कार्य में सक्रिय लोगों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

### बेरला में पुलिस जवानों ने किया फ्लैग मार्च



**बेमेतरा।** रविवार को थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले एवं थाना स्टाफ ने थाना बेरला क्षेत्रांतर्गत पुलिस जवानों ने लगातार पेट्रोलिंग कर फ्लैग मार्च किया। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर, शांति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए पुलिस जवानों ने विभिन्न गली मोहल्लों एवं प्रमुख मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाल कर आम जन को आश्वस्त किया कि चप्पे–चप्पे पर उनकी सुरक्षा के लिए हम तैनात हैं। आम जन को किसी भी के प्रलोभन में न आकर निर्भीकता से मतदान देने के लिए जागरूक किया गया। यदि किसी के द्वारा प्रलोभन दिया जाता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। फ्लैग मार्च कर आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये आदर्श आचार संहिता का पालन करने जागरूक किया गया।

### पथर्रा गांव में जुटे जनप्रतिनिधि

**बेमेतरा।** स्थानीय दुर्ग लोकसभा एवं बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र की इस बड़ी सड़क दुर्घटना को लेकर क्षेत्र में अनेक जनप्रतिनिधियों का दिन भर आवाजाही होता रहा। जिसमें भाजपा से दुर्ग लोकसभा के निवर्तमान सांसद व प्रत्याशी-विजय बघेल, कैबिनेट मंत्री-दयालदास बघेल, बेमेतरा विधायक-दीपेश साहू, पूर्व विधायक अवधेश चन्देल, गौकरण साहू सहित कई दर्जन नेता व कार्यकर्ताओं का जमावड़ा पथर्रा गांव में बना रहा। वहीं कांग्रेस से पूर्व सीएम भूपेश बघेल व पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू द्वारा सोशल मीडिया पर शोक प्रकट करने के बाद लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू, पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा सहित दर्जनों नेता दिनभर सक्रिय रहे। सभी लोगों द्वारा सड़क दुर्घटना में मारे गए 9 लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। पीड़ितों के घर जाकर दुख में शामिल होते हुए हर संभव मदद प्रशासन के द्वारा कराने की बात कही। इस दुर्घटना की सूचना मिलते ही सबसे पहले भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल तुरन्त गांव पहुंचे।

## हादसा : घायलों का बेमेतरा, सिमगा अस्पताल में उपचार जारी, हादसे में 3 बच्चों समेत 9 ग्रामीणों की मौत

# 9 ग्रामीणों की लाश देख पथर्रा में पसरा मातम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेमेतरा से करीब 20 किमी दूर स्थित ग्राम कठिया-तिरैया के मध्य स्थित पेट्रोल पंप के पास देर रात सड़क किनारे खड़ी एक वाहन से पिकअप की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन बच्चों सहित 9 लोगों की मौत हो गई और 23 घायल हो गए, जिन्हें सिमगा एवं बेमेतरा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायलों को रात में ही सिमगा और बेमेतरा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वही गंभीर घायलों को रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में रेफर किया गया है, जिसमें से एक महिला की मौत हो जाने की खबर है। इस तरह मरने वालों की संख्या 9 हो गई है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और घायलों को तत्काल अस्पताल रवाना कराया। वहीं रात में ही विधायक दीपेश साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, एसपी रामकृष्ण साहू जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों के संपूर्ण उपचार की व्यवस्था कराई। दूसरे दिन सुबह संभागायुक्त एसएन राठौर एवं आईजी राम गोपाल गर्ग भी पहुंचे और घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी ली।

**तिरैया से लौट रहे थे सभी ग्रामीण-** रविवार की शाम ग्राम पथर्रा में सभी ग्रामीण एक छठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पिकअप में सवार होकर पहुंचे थे। कार्यक्रम के बाद रात में सभी पिकअप में सवार होकर वापस लौट रहे थे।





इसी दौरान ग्राम तिरैया-कठिया के बीच सड़क के किनारे खड़े ट्रक से पिकअप की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और बाकी सवार घायल हो गए।

**ये हुए हैं घायल-** कु. निशा यादव पिता जफला यादव बालिका 12 वर्ष, श्रीमति मालती यादव पति विश्राम साहू 38 वर्ष, डिंपल पिता राजेश साहू 13 वर्ष, कविता पति तिजराम साहू 40 वर्ष, सुकिया बाई पति रमेश देवांगन 40 वर्ष, दुखिया बाई पति रामनाथ यादव 45 वर्ष, हेमलता साहू पिता डुलेस्वर साहू 14 वर्ष, कु. रेणुका साहू पिता राजेंद्र साहू 14 वर्ष, उर्मिला बाई पति सुशील साहू महिला 50 वर्ष, उषा साहू पति संजय साहू 42वर्ष, प्रेमु साहू पिता भीखम साहू पुरुष 36 वर्ष, लोकेश साहू 20 वर्ष, सुनीता साहू 50 वर्ष, रत्ना साहू 50 वर्ष, पूर्णिमा साहू 8 वर्ष, दीपिका साहू 12 वर्ष, लोकपाल साहू 12 वर्ष, पुन्नी यादव 60 वर्ष, अहिल्या बाई 55 वर्ष, रामेश्वरी साहू 28 वर्ष, सोनबती 60 वर्ष, उनकुमारी 55 वर्ष, उनकुंवर 50 वर्ष शामिल हैं।

**मृतकों में ये हैं शामिल-** पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिला अस्पताल बेमेतरा एवं सिमगा अस्पताल में दम तोड़ने वालों में भूरी निषाद 50 वर्ष, नीरा साहू 55 वर्ष, गीता साहू 60 वर्ष कुल तीन हैं। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमगा में मृतकों के नाम अग्निया साहू पति हगरु साहू 60 वर्ष, मधु साहू पिता दिलीप साहू 5 वर्ष, खुशबू साहू पति दिलीप साहू 39 वर्ष, रिकेश निषाद 6 वर्ष, ट्विंकल निषाद 6 वर्ष शामिल हैं। वहीं रायपुर रेफर की गई श्रीमती रतना साहू पति चिंता साहू 45 वर्ष पथर्रा की मृत्यु होने की जानकारी मिली है।

**जनप्रतिनिधि पहुंचे पथर्रा-** घटना के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि पथर्रा पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदना व्यक्त किया। यहां पहुंचने वालों में कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल, बेमेतरा के विधायक दीपेश साहू, दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल, कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशी पटेल, बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, अवधेश सिंह चंदेल, जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, बेमेतरा नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष विजय सिन्हा, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## 9 की मौत से भी नहीं लिया सबक, लापरवाही जारी...




हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

शहर में मालवाहकों में सवारियां भरकर ढोई जा रही हैं। वहीं, आज ही जिले में हुई बड़ी दुर्घटना में कई लोगों की मौत और दर्जनों के घायल होने के बाद भी लोग सबक नहीं ले रहे हैं। न तो प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई की जा रही है और न ही वाहन मालिक व चालकों में कार्रवाई को लेकर कोई डर है। सबसे बड़ी बात यह है कि स्वयं आम नागरिकों में भी अपनी और अपने अपनों की जान-माल के नुकसान को लेकर कोई चिंता नहीं दिख रही है। यही कारण है कि लापरवाही जारी है।

## मृतक के परिजनों को 25 25 हजार की दी सहायता

### कमिश्नर व आईजी ने किया घटना स्थल का निरीक्षण

**बेमेतरा।** बेमेतरा-सिमगा मार्ग में ग्राम कठिया के पास हुए सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो की सूचना मिलते ही कलेक्टर रणबीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक राम कृष्ण साहू देर रात जिला अस्पताल पहुंचे और सीएमएचओ को घायलों का बेहतर इलाज का निर्देश दिया। संभागायुक्त दुर्ग सत्यनारायण राठौर, पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) दुर्ग रामगोपाल गर्ग घटना स्थल पहुंचे। इस दौरान एसपी और कलेक्टर भीसाथ थे। कलेक्टर ने अफसरों को पूरी जानकारी दी। कमिश्नर श्री राठौर ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि बहुत दुःखद घटना हुई है। इस घटना में 9 लोगों की मृत्यु हुई है, जिनमें महिला और बच्चे भी शामिल है। घायलों का बेहतर-से बेहतर उपचार के निर्देश दिये है। शासन से जो आर्थिक मदद मिले दिलाया जायेगा। इस तरह की घटना की पुनरावर्ती ना हो इस और समुचित कदम उठाया जायेगा। वहीं आईजी श्री गर्ग ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है, दोषियों पर सख़्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 25-25 हज़ार की राशि और घायलों को 10-10 हज़ार की राशि उपलब्ध करायी गयी है।

## वयोवृद्ध व नए मतदाताओं का सम्मान कर मतदान के लिए किया आमंत्रित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में अधिक से अधिक मतदान एवं नागरिकों में मतदान के प्रति जागरूक करने जिले में लगातार मतदान जागरूकता कार्यक्रम जारी हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर के निर्देश पर जनपद पंचायत बेमेतरा के नवागढ़ विधानसभा के ग्राम पंचायत सनकपाट बहरबोड़ के आश्रित ग्राम मरजादपुर ग्राम पंचायत पचभैया में जनपद पंचायत सीईओ पीएल धुर्वे अपने स्टाफ के अधिकारी-कर्मचारियों एवं सचिवों के साथ पहुंचकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। वयोवृद्ध एवं नये मतदाताओं का नारियल एवं फूल देकर सम्मानित किया गया। मतदाताओं को शपथ दिलाया गया। घर-घर भ्रमण कर मतदाताओं को पीला, चावल, फूल देकर 7 मई को मतदान केंद्रों में पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का निमंत्रण दिया गया। उक्त अभियान में एडीशनल सीईओ भरत बंजारे, विक्रम सिंह, पीओ संदीप वारे, समन्वयक विकास राजपूत, प्रभारी पंचायत इंसपेकटर कोमल चंद्रवंशी, बीपीएम कृष्णा साहू आदि शामिल हुए।

## ब्रह्माकुमारीज ने उपजेल में किया राजयोग मेडिटेशन का आयोजन

# श्रेष्ठ जीवन जीने कैदियों ने लिया दृढ़ संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

उपजेल में कैदियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन के लिए चल रहे राजयोग मेडिटेशन समापन समारोह का सफल आयोजन हुआ। अधीक्षक दिनेश चंद्र ध्रुव की उपस्थिति में बेमेतरा सेवा केंद्र प्रभारी बीके शशि द्वारा राजयोग मेडिटेशन का समापन समारोह संपन्न हुआ।

इस सत्र के दौरान बीके शशि ने राजयोग से अष्ट शक्तियों की प्राप्ति के विषय पर बताया कि हर बार आप परिस्थितियों को बदल नहीं सकते, आप लोगों को भी नहीं बदल सकते। एक ही चीज आप बदल सकते हैं वो है अपने आपको। जीवन में हर परिस्थिति का सामना करते हुए राजयोग से प्राप्त आठ शक्तियाँ सदैव आपकी मदद के लिए हाजिर होंगी। अपने आपमें परिवर्तन लाते हुए जो कि आपका लक्ष्य है, आपका जीवन बहुत सी नयी खोजों के साथ एक सुन्दर सफर होगा। आपको पता चलेगा कि हरेक चुनौती का सामना कैसे करना है और हर परिस्थिति में ठीक कैसे रहना है।



अधीक्षक ध्रुव ने अपने कहा कि ब्रह्मकुमारीज द्वारा संचालित राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास आपको प्रतिदिन करना है। आप इस तरह अपना जीवन श्रेष्ठ बनाइए कि यहां आने की जरूरत न पड़े। कहा जाता है कि जो हुआ सही हुआ यदि आप यहां नही आते तो बाहर आपके पास समय नहीं होता या इस ईश्वरीय ज्ञान को बताने वाले नहीं मिलते कि यह ज्ञान सुनकर अपने जीवन में उतार सकें।

### 5 की शाम 6 बजे से चुनाव तक बंद रहेंगी शराब दुकानें

**बेमेतरा।** कलेक्टर बेमेतरा रणबीर शर्मा ने लोकसभा निर्वाचन के दौरान जिले में शराब की बिक्री पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने व मतदान समाप्ति के नियत समय के 48 घंटे पूर्व की अवधि अर्थात 5 मई शाम 6 बजे से निर्वाचन दिनांक 7 मई (संपूर्ण दिवस) बंद रखे जाने हेतु शुष्क दिवस घोषित कर दिया है। उक्त अवधि में जिले के समस्त विदेशी मदिरा दुकानें एफएल 1 (घघ) एवं देशी मदिरा दुकानें सीएस 2 (घघ) सीएस 2 (घघ कम्पोजिट) शॉप विदेशी मदिरा दुकान एफएल 1 (घघ) फुटकर दुकानों एवं मद्य भण्डागार परिवहन एवं धारण करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस आदेश का कड़ाई से परिपालन सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए गए है।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

